हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 18 सितंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



## खबर संक्षेप

### अग्रसेन जयंती समारोह के उपलक्ष्य में ओम सिटी से अग्रसेन मैराथन आज

**चांपा।** स्थानीय अग्रवाल सेवा संघ के तत्वाधान में



अग्रसेन जयंती समारोह 2025 के उपलक्ष्य में अग्रसेन मैराथन का आयोजन गुरुवार 18 सितंबर को सुबह 6 बजे से स्टेशन रोड स्थित ओम सिटी से श्रीराम मंगलम भवन तक किया गया है। यह जानकारी देते हुए अग्रवाल सेवा संघ के अध्यक्ष जगदीश मोदी एवं सचिव अखिलेश मोदी ने बताया कि अग्रसेन मैराथन में समाज के सभी वर्ग शामिल होंगे जो श्रीराम मंगलम भवन तक जायेंगे। यहां महाराज अग्रसेन जी की आरती एवं स्वल्पाहार पश्चात समाज के सभी वर्गों के लिए विविध स्पर्धाएं आरंभ होंगी।

### बिल की दरों में वृद्धि से प्रत्येक उपभोक्ता पर पड़ रहा आर्थिक बोझ : गुप्ता

**चांपा।** जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नागेन्द्र गुप्ता ने प्रदेश में बिजली बिल में बढ़ोतरी को लेकर साय



सरकार पर बड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा है कि सरकार के दो साल के कार्यकाल में यह तीसरी बार बिजली बिल की दरों में वृद्धि की गयी है, जिससे प्रत्येक उपभोक्ता पर 1000 रु. का आर्थिक बोझ पड़ा है। गुप्ता ने यहां जारी बयान मे कहा कि पूर्व में प्रति यूनिट 20 पैसे की बढ़ोतरी ने किसान, व्यापारी और आम जनता को प्रभावित किया है। ऐसे में अब भाजपा सरकार ने पूर्व में लागू बिजली बिल हॉफ योजना को भी बंद कर दिया है। इससे माह अगस्त का काफी बढ़ा हुआ बिजली बिल लोगों को मिल रहा है। गुप्ता ने सवाल उठाया कि प्रदेश कोयला और पानी जैसे प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध होने के बाद भी बिजली की दरों में इतनी उछाल क्यों हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि जब राज्य अपनी जरूरत की बिजली पूरा करने के साथ-साथ दूसरे राज्यों को भी बिजली बेचता है, तो इस बढ़ोतरी का कोई तार्किक आधार नहीं है। गुप्ता ने पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता को राहत देने के लिए बिजली बिल की दरों में हुई वृद्धि को वापस लेने तथा बिजली बिल हॉफ योजना को पूर्व की भांति लागू किए जाने की मांग प्रदेश सरकार से की है।

### पीएम के जन्मदिन पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया रक्तदान

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री व जन नेता नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर जिला पंचायत के अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी ने जिला अस्पताल में रक्त दान करके सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल, जिला के कलेक्टर जन्मेजय मोहबे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े सहित वरिष्ठ चिकित्सक और भाजपा के पदाधिकारीगणों ने रक्तदान का प्रमाण पत्र दिया। जिला पंचायत की अध्यक्ष इंजी सत्यलता आनंद मिरी ने महिलाओं को रक्त दान के लिए प्रेरित करते हुए निवेदन किया की यदि संभव हो सके तो महिलाओं को भी रक्तदान जैसे महादान करनी चाहिये। इंजी. सत्यलता ने बताया कि प्रधानमंत्री का जन्मोत्सव कार्यक्रम को सेवा पखवाड़ा के रूप में 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक भाजपा के सभी कार्यकर्ता पूरे देश भर में सेवा कार्य करके मना रही है, इस कार्यक्रम के तहत अपने सुविधानुसार रक्तदान, स्कूल अस्पतालों धार्मिक स्थलों इत्यादि में स्वच्छता अभियान जैसे अनेकों कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के लिए सेवा कार्य करके प्रधानमंत्री के संदेश को जन जन तक पहुचाने का कार्य करेगी।

### जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**हसौद।** जवाहर नवोदय विद्यालय सक्ती में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 9वीं व 11वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा-2026 आयोजित की जाएगी। विद्यालय प्राचार्य से प्राप्त जानकारी अनुसार कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 सितम्बर निर्धारित की गई है। चयन परीक्षा 7 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु वे छात्र पात्र होंगे, जो शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले के किसी सीबीएसई अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत हैं और जिनकी जन्मतिथि 01 मई 2011 से 31 जुलाई 2013 के मध्य (दोनों तिथियां सम्मिलित) है।

जगह-जगह श्रमदान कर निकाली गई रैली, ग्राम पंचायतों, विद्यालयों और महाविद्यालयों सहित विभिन्न स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाकर लिया स्वच्छता शपथ

# जिलेभर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने और लोगों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जिले में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक का शुभारंभ बुधवार को कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने जिलेवासियों से स्वच्छता अभियान को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने स्वच्छता अभियान चलाते हुए स्वयं झाड़ू लगाकर लोगों को प्रेरित किया। सुबह पूर्व सांसद कमला देवी पाटले, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, कलेक्टर जन्मेजय महोबे सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर जांजगीर पहुंचकर हाथों में झाड़ू लेकर अस्पताल परिसर की सफाई की और खरपतवार को भी हटाया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियो एवं कलेक्टर ने सभी जिलेवासियों से आग्रह किया कि इस स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाएं। इस अवसर पर सभी को स्वच्छता ही सेवा की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर अमर सुलतानिया, इंजी. रवि पांडेय, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, आशुतोष गोस्वामी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे कुदरी बैराज स्थित गार्डन पहुंचे। यहां उन्होंने गार्डन परिसर, बोटिंग जोन के आस पास झाड़ू एवं फावड़ा चलाकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर कलेक्टर ने उपस्थित महिलाओं एवं ग्रामीणों को स्वच्छता शपथ दिलाई और उन्हें स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो में स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत ग्राम पंचायत चंडीपारा, ग्राम सेमरा, बिर्रा सहित विभिन्न ग्रामों में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम, स्वच्छता रैली, श्रमदान सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बलौदा जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शारदा सनत देवांगन, जनपद पंचायत सदस्य चूड़ामणि राठौर, जनपद सदस्य श्रीमती रति रमेश सोनझरी, सरपंच कुदरी श्रीमती बबली आर के यादव, विभिन्न जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारी, स्व-सहायता समूह की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



अस्पताल परिसर की सफाई करते पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, इंजी रवि पांडेय साथ में अधिकारी-कर्मचारी।

## स्वच्छता की भावना अब एक संकल्प एवं संस्कार बन गया है : सौरभ सिंह



अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित करते छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष।

**अकलतरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर पूरे देश भर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नगर एवं क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह के द्वारा सहभागिता लेते हुए लोगों को स्वच्छता एवं जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।

■ लोगों को स्वच्छता एवं जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सौरभ सिंह सर्वप्रथम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां भाजपा नगर मंडल के द्वारा आयोजित फल वितरण कार्यक्रम एवं नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम मे हिस्सा लिया। इसके बाद उनके द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा आयोजित कार्यक्रम एवं ग्राम मुरलीडीह मार्ग में नेशनल हाईवे ओवरब्रिज के नीचे आयोजित जल संरक्षण व स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में पहुंचकर सहभागिता ली गई। इस दौरान उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए सौरभ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को स्वच्छ भारत मिशन जैसा जनांदोलन दिया है। उनके नेतृत्व में स्वच्छता केवल अभियान नहीं बल्कि एक संकल्प और संस्कार बन चुका है। उन्होंने धूल-मिट्टी को साफ़ करने के लिए झाड़ू उठाकर स्वच्छ भारत अभियान को पूरे राष्ट्र के लिए एक जन-आंदोलन का रूप दिया और कहा कि लोगों को न तो स्वयं गंदगी फैलानी चाहिए और न ही किसी और को फैलाने देना चाहिए। उन्होंने "न गंदगी करेंगे, न करने देंगे।" का मंत्र भी दिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति सारथी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश पाटले पार्षद सुनीता सिंह, मुरलीधर मिश्रा ,दिनेश दास,पुरुषोत्तम नामदेव, चंद्रशेखर मिर्चन्य, भाजपा जिला महामंत्री नंद चौधरी, गोपेश तुलस्यान, ईश्वर साहू ,चंदन शर्मा, श्यामा चरण चौधरी ,जीएस राजवाड़े एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सिद्ध बाबा मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान, अस्पताल में मरीजों को बांटा फल

**पामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी मंडल पामगढ़ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा 17 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर सेवा पखवाड़ा सप्ताह के तहत श्री सिद्ध बाबा मंदिर परिसर राहौद में स्वच्छता अभियान, सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण एवं रेस्ट हाऊस पामगढ़ में प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर केक काटा गया। पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल ने कहा कि मोदी ने अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया है, और हम सभी कार्यकर्ता उनसे ही प्रेरित होकर समाज में कार्य करते हैं( प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यकाल देश वासियों के लिए स्वर्णिम अवसर है, उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद आज भारत पूरे विश्व में अपना अलग स्थान बना रहा है, देश आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत आगे है, देश की आंतरिक व्यवस्था में बहुत कुछ बदलाव हुआ है, सीमा सुरक्षा मजबूत है, मोदी के कार्यकाल में भारत नई किर्तिमान स्थापित कर रहा है। मंडल अध्यक्ष यशवंत साहू ने कहा कि हमारे सभी कार्यकर्ताओं के त्याग और समर्पण ही हमारी सफलता है, पार्टी के सभी कार्यक्रमों में पामगढ़ मंडल के कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर उत्साह से भाग लेते हैं। स्वच्छता अभियान, फल वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से धनंजय सिंह ठाकुर, जिला मंत्री नुरेश्वरी श्रीवास, भाजपा मंडल पामगढ़ अध्यक्ष यशवंत साहू, नगर पंचायत राहौद अध्यक्ष प्रतिभा देवी कश्यप,गयाराम चंदेल,मानेश जांगड़े, महामंत्री सुधीर तिवारी, महामंत्री मनोहर शास्त्री, पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्यास वर्मा, सुभाष पटेल, मंत्री महावीर पटेल, राजकुमार यादव, धीरेन्द्र नाथ योगी, सोनू गांधी, ओम प्रकाश राठौर, अवंतिका गुप्ता पार्षद, नरसिंह गोड़ पार्षद, रोहणी पटेल, डॉ सुनील गुप्ता, पार्षद अमित कुमार , फिरत राम कुर्मी, बिरेंद्र नाथ योगी, नारायण पाटले, श्यामा चंदेल, सतीश पटेल, नीमा तिवारी, सागर ओग्रे, राम कुमार श्रीवास, राकेश श्रीवास, मुकेश कश्यप, सुभाष ओग्रे, सत्येंद्र सिंह, प्रदीप बैनर्जी, भीमबली नायक, चौथराम बघेल, गोलू वर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एन एस एस स्वयंसेवकों ने तालाब के घाटों में चलाया स्वच्छता अभियान

**अकलतरा।** राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला अकलतरा के राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष एवं महिला इकाई के द्वारा गोद ग्राम कटघरी में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन



किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सेवकों के द्वारा स्वच्छता एवं नशामुक्ति पर जन जागरूकता रैली तथा ग्राम के चौक चौराहे पर स्वच्छता संबंधी नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम के महामाया मंदिर एवं तालाब के घाटों की साफ सफाई की गई। पोषण माह के अंतर्गत स्वयंसेवको ने ग्राम कटघरी प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केंद्र पर जाकर पोषण आहार संबंधित जानकारी प्रदान की। राष्ट्रीय सेवा योजना अभिमुखीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत शाला के प्राचार्य आर के विश्वकर्मा एवं पूर्व कार्यक्रम अधिकारी विपिन पांडे के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक गोविंद देवांगन द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में महिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती वर्षा यादव द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया एवं शासकीय प्राथमिक शाला कटघरी के शिक्षक रुपेश सिंह द्वारा स्वयं सेवकों का स्वागत किया गया। शिवेश मिश्रा ब्लॉक समन्वयक यूनिसेफ के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के अपने अनुभव को साझा किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी आर.के. पाण्डेय एवं आभार श्रीमती वर्षा यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ग्राम कटघरी के सरपंच फूल बाई ,भागबली नायक,उप सरपंच बालचंद सिंह, पंच बुंदराम कंवर, भुरेलाल, जीपी देवांगन ,फूल सिंह,शिक्षक विजयलक्ष्मी सिंह सुनिता देवी कमलवंशी, सुमन दुबे सहित स्वयं सेवक तथा बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित थे।



## नगर पंचायत बाराद्वार में जनप्रतिनिधि स्वच्छता दीदियों को दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत नगर पंचायत नया बाराद्वार में सांसद कमलेश जांगड़े, टिकेश्वर गवेल जिला अध्यक्ष भाजपा सक्ती, पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू के मुख्य आतिथ्य में स्वच्छता दीदीयों एवं नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों को शपथ दिलाई गई। स्वच्छता दीदियों के साथ सांसद द्वारा स्वच्छता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू ने सभी को शपथ पढ़ कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने स्वच्छता अभियान में जनमानस को शामिल होने का आह्वान किया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष जितेश शर्मा ने सभी से अपील करते हुए कहा कि हम सभी को अपने आस पास साफ़ सफाई रखना चाहिए। जिला पंचायत सभापति आयुष शर्मा ने कहा ये 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता उत्सव मनाया जा रहा है जिसमें हर वर्ग को शामिल होना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी पुनीत वर्मा, सांसद प्रतिनिधि अमित कलानोरिया, पार्षद अजय सिंह राजपूत,वरिष्ठ भाजपा नेता महावीर राठौर, भाजपा जिला मंत्री अरुण शर्मा, पंकज सांवडिया,पार्षद ज्योति राठौर, पार्षद प्रीति अनिल यादव, पार्षद अंजलि हेमंत साहू, पार्षद अभिषेक राय ,पार्षद कमलेश्वरी राठौर, पार्षद अमित बरेठ, पार्षद पवन बंसल ,पार्षद पुष्पा भारत कर्ष, पार्षद ओमप्रकाश कुर्रे,पार्षद भोजराज, पार्षद आरती कुर्शे, पार्षद अंजू कुर्रे,पार्षद कैलाश भैना,शंकर मानिकपुरी सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

■ सांसद ने स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. स्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- बाँझपन, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

प्रधान जिला न्यायाधीश, कलेक्टर व एसपी ने जिला जेल का किया निरीक्षण

# जेल परिसर में स्वच्छता व अस्पताल में दवाइयों की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रधान जिला न्यायाधीश, कलेक्टर एवं एसपी ने जिला जेल खोखरा का निरीक्षण किया। इस बीच परिसर में स्वच्छता के साथ साथ बंदी एवं कैदियों को दी जाने वाली दवाईयों की उपलब्धता की जानकारी ली।

ज्ञात हो कि बुधवार 17 सितंबर को उच्चतम न्यायालय के निर्णय के दिशा निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर एवं बोर्ड आफ विजिटर्स द्वारा जिला जेल जांजगीर खोखरा का निरीक्षण प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर शक्ति सिंह राजपूत, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रवीण मिश्रा, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार कुशवाहा की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप, सहायक जेल अधीक्षक डी.डी. टोंडर सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान जेल के प्रत्येक बैरक पर जाकर बंदियों की रहने की व्यवस्था, बंदियों की समस्याएं व खान पान की जानकारी लेते हुए बंदियों के संबंध में शिकायत पेटी, पाक शाला, अस्पताल, कार्यालय कक्ष, किशोर बंदियों की पहचान, जमानत एवं अपील की संबंध में जानकारी, लीगल एड क्लिनिक द्वारा दी जाने वाली बंदियों की सुविधा, बंदीयो की सामानों की जांच, बंदी कॉलिंग की सुविधा, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम, बंदी मुलाकात केंद्र, अस्पताल सुविधा की जांच की गई। साथ ही बंदियों की समस्याओं को सुना गया। उन्होने जेल परिसर में स्वच्छता, रसोई कक्ष की साफ-सफाई एवं रख-रखाव, अस्पताल में दवाईयो की उपलब्धता की जानकारी ली। इसके पूर्व मंगलवार 16 सितंबर को जिला जेल समिति के द्वारा भी जिला जेल खोखरा का निरीक्षण किया गया था।



जिला जेल के निरीक्षण के दौरान खान पान की जानकारी लेते न्यायाधीश, कलेक्टर एवं एसपी।

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 18 सितंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाया जौहर 4



## सज रहा माता का दरबार, म्यांरमार के श्वेत मंदिर की तर्ज पर बन रहा पंडाल, अक्षरधाम मंदिर की तरह हो रही अंदर की सजावट







**जांजगीर-चांपा।** नैला के प्रसिद्ध दुर्गोत्सव के लिए तैयारियां जोरों से चल रही है। इस बार यहां म्यांरमार के श्वेत मंदिर की तर्ज पर पंडाल बनाया जा रहा है। इसके साथ ही आकर्षक लाईटिंग भी की जा रही है। पंडाल में सोने चांदी, हीरा मोती से जड़ित मां दुर्गा की 35 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जाएगी। पंडाल की अंदरूनी सजावट दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर की जा रही है। नैला के दुर्गोत्सव को देखने के लिए छत्तीसगढ़ के साथ ही दिगर जिलों से भी श्रद्धालु पहुंचते है।

## खबर संक्षेप

### राज्य सलाहकार ने ग्राम पहुंचकर किया निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राज्य सलाहकार एवं संभाग प्रभारी श्रीमती मोनिका सिंह ने जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत खोखरा, मुनुन्द, भडेसर, कुटरा एवं कुथूर का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी स्वच्छाग्राहियों से गांव में हो रहे कचरा कलेक्शन, गीले एवं सूखे कचरे के पृथकीकरण के विषय में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि घर से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग दिया जाए और इस कार्य को दैनिक आदत का हिस्सा बनाया जाए। उन्होंने यूज़र चार्जेस एवं प्रोत्साहन राशि पर भी चर्चा की और स्वच्छाग्राहियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान गांवों में निर्मित सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण कर उनके नियमित उपयोग एवं रखरखाव पर जोर दिया। कार्यक्रम में स्वच्छाग्राही संघ के अध्यक्ष, सचिव, स्व-सहायता समूह की दीदियां, सरपंच, सचिव और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### स्वच्छता ही सेवा एवं राष्ट्रीय पोषण माह 16 अक्टूबर तक

**जांजगीर-चांपा।** जिले में स्वच्छता ही सेवा एवं राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का शुभारंभ विविध कार्यक्रमों के साथ किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत राष्ट्रीय पोषण माह तथा मातृत्व वंदना योजना मातृत्व लाभ वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ वेबकास्ट के माध्यम से किया गया। जिले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से मोटापे का समाधान, स्थानीयता का बढ़ावा, प्रांरभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा व पोषण, शिशु एवं बाल्यावस्था आहार, मेनस्ट्रीमिंग गतिविधियां एवं डिजिटाइजेशन पर जोर दिया गया। इस दौरान कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पूर्व विधायक नारायण चंदेल, अंशुल जायसवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### संघ लोक सेवा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी 23 कर सकते है आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** राज्य शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2025 में सफल होने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रदेश के अभ्यर्थियों को एक लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले जिले के पात्र अभ्यर्थी 23 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

### रास्ता रोकर रुपए की मांग करने वाले 2 आरोपी पकड़ाए

**जांजगीर-चांपा।** रास्ता रोककर शराब पीने के लिए पैसा मांग करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। कोटमीसोनार निवासी जितेन्द्र कुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 सितंबर को अकलतरा से काम करके अपने घर वापस कोटमीसोनार मोटर सायकल में जा रहा था। इसी दौरान रेलवे ब्रिज के पास रात्रि 9.15 बजे लटिया निवासी प्रशांत कुमार एक अन्य साथी के द्वारा प्रार्थी को रास्ता रोककर शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगा। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 126 (2), 296, 115(2), 119 (1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। जहां एक काले रंग की बजाज प्लेटिना क्रमांक सीजी 11 बीएफ 4298 को जब्त किया गया। निशानदेही एवं मेमोरंडम कथन अनुसार जप्त किया गया आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया।

### करही में शराब पीने से दो युवक की मौत के मामले का खुलासा

# मुफ्त में पी जाते थे शराब तो कोचिया ने मिला दिया सुहागा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

करही में शराब पीने के बाद दो युवकों की मौत के मामले का खुलासा हो गया है। दोनों युवक गांव में अवैध शराब बेचने वाले कोचिया से मुफ्त में शराब लेते थे। इससे परेशान होकर कोचिया ने दोनों को शराब में सुहागा मिलाकर दे दिया। सुहागा मिलने से शराब जहरीली हो गई, जिसे पीने से दोनों की मौत हो गई। कोचिया ने अपने चचेरे भाई के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम करही में 15 सितंबर को शराब पीने के बाद सूरज यादव और मनोज कश्यप की तबियत बिगड़ी थी। दोनों को सारंगढ़ के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शराब में जहरीला पदार्थ होने की बात सामने आई। पुलिस ने शुरूआती जांच के बाद गांव में अवैध शराब बेचने कोचिया भोला राम टंडन को हिरासत में लेकर पूछताछ की। साथ ही तकनिकी साक्ष्य भी जुटाए। शुरुआत में तो भोला राम टंडन पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने बुधवार को मामले का खुलासा किया। दरअसल भोला राम टंडन गांव में अवैध शराब बिक्री करता है। सूरज यादव और मनोज कश्यप पिछले कुछ दिनों से भोला राम टंडन से मुफ्त में मांगकर शराब पी रहे थे। दोनों को जान से मारने के लिए भोला राम ने शराब में सुहागा मिलाकर दोनों को दिया था। अपने चचेरे भाई अनिल टंडन के साथ मिलकर उसने घटना को अंजाम दिया। भोला राम ने पुलिस को बताया कि सूरज यादव और मनोज कश्यप आए दिन दुकान और घर में आकर शराब पीने के बाद वाद विवाद करते तथा पुलिस से पकडवा देने की धमकी देते थे और पैसा नहीं देते थे। परेशान होकर उसने अपने चचेरे भाई अनिल टंडन को पूरी बात बताई और इसके बाद दोनो युवकों को जान से मारने की योजना बनाई। अनिल टंडन ने 14 सितंबर की शाम भोला राम टंडन को अंगेजी जिप्सी शराब की बोतल और सुहागा लाकर दी। भोला राम ने रात में ही शराब में सुहागा मिलाकर रख लिया। जब 15 सितंबर को मनोज कश्यप और सुरज यादव शराब लेने पहुंचे तो भोला राम टंडन ने सुहागा मिली शराब दे दी, जिसे पीने के बाद दोनो युवको की मौत हो गई। पुलिस ने 25 वर्षीय भोला राम टंडन और 35 वर्षीय अनिल टंडन को धारा 103 (1),61(2), 123 बी एन एस के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है।

#### क्या है सुहागा

सुहागा एक ऐसा पदार्थ है, जो पानी में आसानी से घुल जाता है। इसका अंग्रेजी नाम बोरैक्स है। यह एक प्राकृतिक खनिज है, जो सफेद पाउडर या क्रिस्टल के रूप में पाया जाता है। सुहागा के कई उपयोग हैं। प्रचलित तौत पर सोने जैसे धातु की सफाई के लिए इसका उपयोग किया जाता है।इसके आलावा कई तरह की दवाओं और कीटनाशक में भी इसका इस्तेमाल किया जाता है। जानकारों का मानना है कि प्रायः यह मुलायम सफेद पाउडर के रूप में मिलता है, जो तरल पदार्थ में आसानी से घुल जाता है। इससे तरल पदार्थ के रंग में भी कोई बदलाव नहीं होता। शराब के साथ रासायनिक क्रिया से यह जहर में तब्दील हो जाता है। पहले भी शराब में सुहागा मिलाकर हत्या करने के कई मामले सामने आ चुके हैं।

# दो दिवसीय बैरिस्टर स्मृति समारोह का आगाज आज

### सांसद के मुख्य आतिथ्य में होगा उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



कार्यक्रम स्थल में तैयारियों का जायजा लेते कलेक्टर।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह का आयोजन 18 सितंबर से होगा। दो दिवसीय समारोह का आयोजन सीमार्ट परिसर जांजगीर में किया जाएगा। इस दौरान विविध विषयो पर संगोष्ठी के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेननी एवं शहीद परिवारों का सम्मान किया जाएगा।

बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह का शुभारंभ 18 सितम्बर को सीमार्ट परिसर जांजगीर में जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में होगा। दोपहर 12 बजे प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि व श्रद्धांजलि कार्यक्रम होगा। दोपहर 1 बजे स्वतंत्रता संग्राम सेनंनी एवं शहीद परिवारों का सम्मान, दोपहर 1.30 मंचीय कार्यक्रम एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम होगा। दोपहर 2 बजे स्थानीय कलाकारों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। शाम 5 बजे विधिक संगोष्ठी एवं 6 बजे छत्तीसगढ़ी लोक कलाकरो की सांस्कृति प्रस्तुतियां होंगी।कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने 17 सितंबर को सीमार्ट परिसर कचहरी चौक स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान बैठक व्यवस्था, मंच, टेन्ट व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, पार्किंग व्यवस्था, यातायात, प्रवेश एवं निर्गम द्वार की सुरक्षा व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा, प्राथमिक उपचार केंद्र, तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले प्रदर्शनी स्टॉलों की तैयारी का जायजा लिया।

#### केवीके में दूसरे दिन होगी संगोष्ठी

समारोह के दूसरे व अंतिम दिन 19 सितंबर को विभिन्न विषयों पर संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। कृषि विज्ञान केन्द्र जर्वे में सुबह 11 उद्यानिकी फसलों पर व्याख्यान, दोपहर 12 बजे दलहन, तिलहन, मशरूम आदि फसलों पर व्याख्यान, दोपहर 12.30 बजे ग्रीष्मकालीन धान के बदले वैकल्पिक फसलों पर व्याख्यान होगा। दोपहर 1 बजे कृषि विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी, दोपहर 1.30 बजे उद्यानिकी विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी, दोपहर 3 बजे पशुपालन विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी, दोपहर 3.30 बजे मत्स्य विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। शाम 4 बजे नवीन कृषि तकनीक एवं उपकरणों का प्रदर्शन किया जाएगा।

## तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार पुलिस जवान को कुचला, मौके पर हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



लक्षनपुर चौक के पास तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने बाइक सवार पुलिस आरक्षक को कुचल दिया। हादसे में आरक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेलर वाहन चालक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है ।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चांपा थाने में पदस्थ आरक्षक प्रहलाद दिनकर मंगलवार की रात 9 बजे ड्यूटी के बाद घर जाने के लिए बाइक से निकला। रास्ते में लछनपुर चौक के पास पहुंचा था कि जांजगीर की ओर से जा रही तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में आरक्षक प्रहलाद दिनकर का सिर बुरी तरह कुचल गया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना कारित ट्रेलर सारागांव की बताई जा रही है। वाहन चालक को जांजगीर पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## शौक पूरा करने बेटे ने दो दोस्तों के साथ मिलकर की पिता से धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



पुलिस अभिरक्षा में आरोपी।

रिटायर्ड आर्मी जवान के खाते से 8 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले अपचारी बालक समेत 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रिटायर्ड आर्मी जवान के नाबालिग बेटे ने ही महंगे शौक पूरा करने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दे डाला। मामला सक्ती थाना अंतर्गत ग्राम गिधौरी का है।

इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिधौरी निवासी 50 वर्षीय अमर सिंह कंवर आर्मी का रिटायर्ड जवान है। उसके बैंक खाता से 8 लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई थी। अमर सिह कंवर ने सक्ती थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका फर्जी हस्ताक्षर कर एसबीआई के बैंक खाता से 2 किस्त में कुल 8 लाख रूपये को लाभेश साहू निवासी सकरेली कला द्वारा चेक के माध्यम से निकाला गया। इस संबंध में लाभेश साहु से पुछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि अमर सिंह कंवर के नाबालिग पुत्र और दीपक कुर्रे के साथ मिलकर उसने इस घटना को अंजाम दिया। फर्जी हस्ताक्षर कर रकम भारतीय स्टेट बैंक शाखा सक्ती से कुल 8 लाख रूपये का आहरण किया गया है। पुलिस ने धारा 318 (4), 338, 336 (3), 340 (2), 61 (2) बीएनएस के तहत मामले में कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि एक बार में 3 लाख रूपये तथा दूसरे बार में 5 लाख रूपये का आहरण किया गया। बैक से निकाले गये रकम को आपस में बंटवारा करना तथा मोटर सायकल मोबाईल खरीदना खाने पीने में खर्चा होना बताया। इन पैसों से उन्होंने अपने महंगे शौक पूरे किए। पुलिस ने एक मोबाईल वन प्लस कंपनी का किमती 20 हजार रूपये, एक मोबाईल सेमसंग कंपनी किमती 1 लाख 2 हजार रूपये, तीन नग चांदी का राखी किमती 1500 रूप्ये जुमला 1 लाख 22 हजार रूप्ये आरोपी लाभेश कुमार साहू से एक मोबाईल आई फोन कंपनी का किमती 64 हजार एक चांदी का कडा किमती 1500 रूप्ये एक चांदी का अंगुठी किमती 500 रूप्ये जुमला 66 हजार रूपये तथा दीपक कुर्रे से एक मोटर सायकल होण्डा कंपनी का एसपी साईन किमती 1 लाख 58 हजार रूपये जुमला 3 लाख 66 हजार 500 रूपये का सामान जप्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी लाभेश कुमार साहू व दीपक कुर्रे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। वहीं अपचारी बालक को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है।

### सक्ती जिले के ग्राम किरारी के लाल ने बढ़ाया मान

# एओ स्पाइन फेलोशिप के लिए डॉ. अग्रवाल का चयन, जर्मनी में लेंगे विश्वस्तरीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



सक्ती जिला अंतर्गत ग्राम किरारी के डॉ. विमल अग्रवाल एओ स्पाइन फेलोशिप के लिए चुने गए है। इसके तहत वे जर्मनी में विश्वस्तरीय प्रशिक्षण लेंगे।

जिला सक्ती के गांव किरारी के लाल एवं काशी स्पाइन हॉस्पिटल रायपुर के संस्थापक डॉ. विमल अग्रवाल को दुनिया की सबसे बड़ी स्पाइन संस्था एओ स्पाइन की प्रतिष्ठित फेलोशिप के लिए चुना गया है। इस फेलोशिप के अंतर्गत वे जर्मनी (यूरोप) जाकर स्पाइन सर्जरी की विश्व की अत्याधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। एओ स्पाइन फेलोशिप में पूरे भारत से केवल चुनिंदा सर्जनों का चयन होता है। इस सूची में डॉ. विमल अग्रवाल का नाम शामिल होना छत्तीसगढ़ की चिकित्सा जगत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। जर्मनी में वे रोबोटिक स्पाइन सर्जरी, नेविगेशन आधारित सर्जरी, स्पाइन एंडोस्कोपी और मिनिमली इनवेसिव तकनीकों का गहन प्रशिक्षण लेंगे। साधारण ग्रामीण परिवेश और सीमित साधनों से उठकर डॉ. विमल अग्रवाल ने अपनी शिक्षा और करियर की राह बनाई। उन्होंने एमबीबीएस नागपुर के एनकेपी साल्वे मेडिकल कॉलेज से किया, इसके बाद रायपुर के पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से डिप्लोमा ऑर्थोपेडिक्स, मैसूरु के जेएसएस मेडिकल कॉलेज से एम.एस. ऑर्थोपेडिक्स और दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल से एफ.एन.बी. स्पाइन सर्जरी पूरी की। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उनका लगन और मेहनत आज उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिला रहा है। रायपुर लौटने के बाद डॉ. अग्रवाल ने काशी स्पाइन हॉस्पिटल की स्थापना की, जो मध्य भारत का पहला एक्सक्लूसिव स्पाइन हॉस्पिटल है। यहां अब तक हजारों मरीजों को परामर्श और सैकड़ों जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं।

#### छत्तीसगढ़ तक पहुंचेगी अत्याधुनिक तकनीक

डॉ. विमल अग्रवाल का कहना है कि प्रदेश के मरीजों को विश्वस्तरीय इलाज रायपुर में उपलब्ध कराने के उद्देश्य को लेकर वे लगातार मेहनत कर रहे है। जर्मनी तकनीक के क्षेत्र में विश्व अग्रणी देशों में गिना जाता है। वहां प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आधुनिकतम स्पाइन तकनीक को सीधे छत्तीसगढ़ के मरीजों तक पहुंचाएंगे। इससे प्रदेश के मरीजों को अब दिल्ली, मुंबई या विदेश जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

## घर के पास खेत में डूबने से डेढ़ वर्षीया मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा



अपने घर के पास खेत में डेढ़ वर्षीय बालिका का पानी में डूबने से मौत हो गई है। हादसे के बाद परिजन का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। घटना बिर्रा के संजय नगर का है।

इस संबंध में बिर्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संजयनगर के सबरिया डेरा मे कुमार सिंह गोड़ के पुत्री अंजलि गोड़ डेढ़ वर्षीया अपने घर में अपनी मां के साथ थे। इसी बीच मां ने बर्तन को धोने के लिए घर से बाहर निकाला और मां के पीछे पीछे बच्ची भी साथ निकल गयी। इस बीच मां बर्तन को धोने में लगी रही और मां का ध्यान बच्ची से हट गया और अंजलि गोड़ ने पास के खेत में पानी से भरा हुआ था जिसमें बच्ची गिर गई और मासूम की मौत हो गई। घर व आसपास में लोगों को पूछताछ किया तब तक काफी देर हो चुकी थी। इधर मासूम का कही पता नहीं चलने पर परिजन ने इसकी सूचना सरपंच श्रीमती पीलीबाई एकादशियां साहू को दी। सरपंच ने पुलिस थाना में जाकर मामला की रिपोर्ट दर्ज कराया गया पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा तैयार करके पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह भेजा गया। शव पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## खबर संक्षेप

### साहू समाज ससहा के अध्यक्ष बने लहुट साहू



**पामगढ़।** प्रदेश साहू संगठन के निर्देशानुसार ग्राम ससहा के साहू समाज के अध्यक्ष का निर्वाचन 14 सितंबर को दोपहर 2 बजे संपन्न हुआ, जिसमें भारी उत्साह के साथ ग्राम ससहा के 185 मतदाताओं ने बढ़ चढ़ का हिस्सा लिया। अध्यक्ष पद के लिए कुल 3 अभ्यर्थी मैदान में थे, जिसमें लहुट राम साहू ने एक तिहाई बहुमत के साथ विजयी हुए। सचिव पद पर रामदयाल साहू शिक्षक बने, वहीं उपाध्यक्ष पद पर गजानंद साहू पंचायत सचिव निर्वाचित हुए। महिला उपाध्यक्ष के पद पर समान मत होने के कारण टॉस के माध्यम से कुंती साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, वही महिला सचिव के पद पर पदमावती साहू सेवानेतृत्व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निर्वाचित हुई। निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने में त्रिशंकु साहू जिला उपाध्यक्ष, रामनाथ साहू तहसील अध्यक्ष, गजानंद साहू तहसील उपाध्यक्ष, ईश्वरी साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष, शशि साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष धरदेई, मोहन साहू सचिव, श्रीमती सरोज साहू महिला उपाध्यक्ष एवं प्रेमचंद साहू का विशेष योगदान रहा।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में विधायक ने विभिन्न मुद्दों को उठाया

**अकलतरा।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता में जांजगीर में किया गया। बैठक के दौरान विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों को उठाकर क्षेत्र वासियों की समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर जन्मेजय महोबे से आग्रह किया गया। बैठक के दौरान विधायक राघवेंद्र सिंह के द्वारा अकलतरा विकासखंड के शालाओं में मध्यान भोजन योजना के अंतर्गत महिला समूहों को कुकिंग कास्ट की राशि एवं रसोइयों के मानदेय की राशि प्राप्त नहीं होने की जानकारी देने पर कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी से जानकारी मांगी गई जिसमें डीईओ ने बताया कि जुलाई माह की राशि बीईओ के खाते में डाल दी गई है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के खाते में राशि आने के बाद भी महिला स्व सहायता समूह एवं रसोइयों को राशि वितरण नहीं किए जाने पर विधायक के द्वारा नाराजगी प्रकट की गई। इसी प्रकार विधायक श्री सिंह के द्वारा सेवा सहकारी समितियों में खाद तत्काल उपलब्ध कराने, किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में विशेषकर परसाही (बाना) गांव के किसानों को पंजीयन में आ रही समस्याओ का समाधान कराने, आवास प्लस योजना अंतर्गत स्वीकृत हितग्राहियो के मृत्यु पश्चात उनके आश्रितों को भुगतान में हो रही दिक्कत का समाधान करने, जल जीवन मिशन में ग्राम पौड़ी दलहा में कार्य पूर्ण नहीं होने के बावजूद ठेकेदार के द्वारा पूर्णता प्रमाण पत्र लिए जाने साथ ही कापन एवं नरियरा में जेजेएम के कार्य में अनियमितता का शीघ्र जांच करने, पीएमजीएसवाय योजना अंतर्गत निर्मित कल्याणपुर फरहद मार्ग एवं लटिया आरएसमेटा ग्रामीण सड़कों का अविलंब मरम्मत कराने सहित समस्याओं के निराकरण के लिए आग्रह किया गया।

### लायंस क्लब 20 सितंबर को आयोजित करेगा स्वास्थ्य शिविर

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब्स इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा शनिवार 20 सितंबर को बी.डी.एम. हॉस्पिटल रोड़ स्थित लायंस भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए लायंस क्लब के सचिव लायन राजेश अग्रवाल ने बताया कि लायंस क्लब चांपा के द्वारा समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए समय-समय पर सेवा गतिविधि संपादित की जाती है। इसी कड़ी में शनिवार 20 सितंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक किया जा रहा है। शिविर में सौभाग्य होम्योपैथिक क्लिनिक राहौद की संचालक डॉ. स्वाति सोनी एवं सोनी होम्योपैथिक क्लिनिक की संचालक डॉ. साक्षी सोनी के द्वारा माईग्रेशन सिरदर्द, पेट संबंधी रोग, ब्लड़ प्रेशर, शुगर, बाल झड़ना, पुरानी कब्ज, बवासीर, दर्द, खाज, खुजली, पथरी, किडनी, संक्रमण, त्वचा रोग, अस्थमा, स्त्री संबंधी रोग, मोटापा आदि का इलाज व दवा का वितरण निःशुल्क किया जायेगा।

## सुबह स्थापना के बाद शाम को शुरु हुआ विसर्जन का सिलसिला

# जगह-जगह हुई निर्माण के देवता देवशिल्पी की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती शहर सहित अंचल में मनाई गई। जिले के प्रमुख औद्योगिक संस्थानों में निर्माण के देवता की पूजा हुई तो हार्डवेयर, वर्कशॉप सहित एजेंसियों में भी देवशिल्पी की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। वहीं शाम के समय कई जगहों पर विसर्जन का सिलसिला भी शुरु हो गया।



विश्व को कर्म प्रदान करने वाले देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा शहर सहित अंचल में बुधवार 17 सितंबर को धूमधाम से हुई। इसको लेकर सुबह से लोगों में उत्साह देखा गया। फल व मिठाई की खरीददारी के लिए दुकानों में लोगों की भीड़ लगी रही। विश्वकर्मा पूजा को लेकर लोगों ने अपने-अपने वाहनों की साफ-सफाई कर उनकी पूजा अर्चना की एवं मिठाई बांटी। इस दौरान जिले के औद्योगिक संस्थानों प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड चांपा, केएसके पावर प्लांट, अथेना पावर प्लांट, न्यूवोको सहित हार्डवेयर, वर्कशॉप एवं एजेंसी में भी भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। जिला मुख्यालय जांजगीर में राजमिस्त्री कल्याण संघ द्वारा विश्वकर्मा पूजन समारोह का आयोजन किया गया। इधर 108 संजीवनी कर्मियों द्वारा वास्तु और शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जिले के सभी 108 संजीवनी वाहनों की पूजा की गई। इधर फल व मिठाई की खरीददारी के लिए दुकानों में लोगों की भीड़ लगी रही। विश्वकर्मा पूजा को लेकर गांव सहित आसपास के लोगों ने अपने-अपने वाहनों की साफ-सफाई कर उनकी पूजा अर्चना की एवं मिठाई बांटी।

## आत्मानंद स्कूल में विश्वकर्मा जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**पामगढ़।** स्वामी आत्मानंद शासकीय महामाया उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ में 17 सितंबर को विश्व विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि मोहनलाल कौशिक विकासखंड शिक्षा अधिकारी पामगढ़ की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान विश्वकर्मा के तैल चित्र पर धूप दीप प्रज्वलित कर किया गया।



विश्वकर्मा जयंती पर मुख्य अतिथिने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिए। कार्यक्रम का संचालन संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता बसावन लहरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम केअंत में संस्था के प्राचार्य आर .के. बंजारे ने आशीर्वचन व्यक्त करते हुए बताया कि हमारे देश में मजदूर ,किसान ,इंजीनियर, डॉक्टर, शिक्षक, साहित्यकार, वैज्ञानिक, कारीगर, राजमिस्त्री ,चर्मकार, मूर्तिकार, कुम्हार ,कारपेंटर, सफाई कर्मचारी यह सभी हमारे विश्वकर्मा भगवान के रूप में देश के विकास एवं प्रगति के लिए दिन रात मेहनत करते हैं , जिनके बदौलत आज हम दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की कर रहे हैं। भगवान विश्वकर्मा के रूप में उपरोक्त कामगार के आशीर्वाद मेहनत लगन से विकास की नींव रखे जा रहे हैं इन्हीं के कंधों पर सृष्टि संचालन का जिम्मेदारी है। ईटा भट्ठा में काम करने वाले, ट्रक ,मालगाड़ी ,जलयान, हवाई जहाज ,हार्वेस्टर, ट्रैक्टर, जेसीबी मशीन चलाने वाले और बड़े-बड़े कल कारखानों में काम करने वाले मेहनतकश मजदूर ही वास्तव में हमारे भगवान विश्वकर्मा के सच्चे रूप है ,जिनके बदौलत विकास रुपी गंगा प्रवाहित हो रही है। कार्यक्रम में संस्था के व्यावसायिक प्रशिक्षक सुरेश आनंद ऑटोमोबाईल ,आर एल डड़सेना, राकेश रोशन बर्मन, श्रीमती सुभद्रा जांगडे, श्रीमती मनोरमा साहू ,जसवंत आदिल प्रधान पाठक, श्रीमती गायत्री साहू व्याख्याता , जितेन्द्र भारद्वाज , रामलाल कश्यप ,श्रीमती गीता सोनी श्रीमती मीरा मिश्रा श्रीमती रीता चंदेल, गजेंद्र चौहान व्यायाम शिक्षक उपस्थित थे।



## रामलला दर्शन के लिए जिले से श्रद्धालुओं का दल रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजनांतर्गत बुधवार को खोखरा से जिले के कुल 187 श्रद्धालुओं को लेकर दो बसें अयोध्या धाम दर्शन यात्रा के लिए रवाना हुईं। यह बस जिले के श्रद्धालुओं को बिलासपुर रेलवे स्टेशन तक ले जाएगी, जहां से विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान किया जाएगा।

- श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजनांतर्गत अब तक जिले के 1870 श्रद्धालु लाभान्वित

इस अवसर पर पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधायक अंबेश जांगड़े, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर, अमर सुलतानिया, इंजी रवि पाण्डेय, पार्षदगण सहित जनप्रतिधियों ने श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही यात्रियों को सेवा पखवाड़ा दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। सभी जनप्रतिनिधियों ने श्री रामलला दर्शन योजना की सराहना की एवं यात्रियों को तिलक लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर रवाना किया। इस अवसर पर एसडीएम व उप संचालक समाज कल्याण पवन कोसमा, उप संचालक पंचायत अभिमन्यु साहू सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि श्री रामलला दर्शन योजनांतर्गत यह 10वीं यात्रा है। प्रत्येक यात्रा में 187 श्रद्धालु अयोध्या दर्शन हेतु भेजे जाते हैं, इस प्रकार जिले से अब तक कुल 1870 श्रद्धालु योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। यात्रा पर रवाना हो रहे श्रद्धालुओं ने राज्य शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त की।

## जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की विभिन्न समस्याएं



**सक्ती।** जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो द्वारा जिले के दूर दराज के इलाकों से आए विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी गई । जनदर्शन में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 27 आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल देकर यथाशीघ्र नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा और सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनदर्शन में आज तहसील जैजैपुर अंतर्गत ग्राम मुक्ता निवासी लक्ष्मीनारायण यादव ने अग्निवीर ट्रेनिंग सेंटर जांजगीर में प्रवेश दिलाने, रहने एवं भोजन की व्यवस्था के सम्बन्ध में, तहसील सक्ती अंतर्गत सक्ती निवासी राजेश कुमार बसोक ने राष्ट्रीय कृत बैंक शाखा सक्ती से ऋण प्रदाय कराने के सम्बन्ध में, तहसील जैजैपुर अंतर्गत ग्राम बहेराडीह निवासी प्यारेलाल चौहान ने ट्राईसाईकिल हेतु आवेदन पत्र दिया है।

## जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाया जौहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलादेही के बालक बालिका ने खेलकूद स्पर्धा में अपना जौहर दिखाया और विकास खंड में अपनी अलग पहचान बनाया।

शिक्षा विभाग ने खेल कैलेंडर 2028 के लिए जारी किया गया जिसमें जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में

- 800 मीटर दौड़ में दुर्गेश ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलादेही के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलादेही के प्राचार्य समरीन खान कुशल नेतृत्व में व्यायाम शिक्षक ने जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जिला के सभी शासकीय हायर सेकंडरी हाईस्कूल के बालक बालिका ने स्पर्धा में हिस्सा लिया] जिसमें कक्षा बारहवीं के छात्र दुर्गेश पटेल ने 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं संभाग स्तरीय 800 मीटर दौड़ में तीसरे स्थान बरकरार रखा। वहीं 19, 17वर्षीय बालिका वर्ग कबड्डी में चाम्पा में आयोजित किया गया जिसमें सिलादेही की छात्राओ ने जिला स्तरीय टीम को परास्त कर प्रथम स्थान कर संभाग स्तरीय के लिए चयनित हुआ है वहीं बिलासपुर संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। 17 वर्षीय खेलकूद में पूजा दीक्षा वैष्णव देविका चांदनी मुस्कान पूनम नीलिमा सरस्वती इसके अलावा 19 वर्षीय प्रतियोगिता में शीतल यादव शीतल केवट गौरी थानेश्वरी अनिता ने सभी स्पर्धा में हिस्सा लेकर अपने बेहतर प्रदर्शन किया है। छात्रा छात्राओं ने खेलकूद में जबरदस्त प्रदर्शन कर पूरे जिले में बम्हनीडीह विकासखंड में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलादेही ने अपना बेहतर प्रदर्शन कर विकासखण्ड का नाम रोशन किया है। बच्चों के लिए उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रभारी प्राचार्य समरीन खान, व्याख्याता उमाशंकर खुंटे, सुरेश कुमार यादव, राजेश पटेल, श्रीमती अनिता राज, गीता जायसवाल, रवीतेद्र जायसवाल, फलेद्र साहू के अलावा विद्यालय के सभी स्टाफ शामिल थे।



स्कूल स्टाफ के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी।

## स्वस्थ रहने के लिए सही दिनचर्या के साथ योग आवश्यक : डॉ. सतीश

**बहेराडीह।** हरेक व्यक्ति की दिनचर्या में अच्छा आहार और विहार का होना आवश्यक है। समय में सोना और जागना आज के लोगों दिनचर्या में नहीं होना ही कई रोगों का मुख्य वज़ह पाया गया है। स्वस्थ रहने के लिए सही दिनचर्या के साथ साथ योग भी आवश्यक है।उक्त बातें ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, आयुष विभाग के तत्वाधान में आयोजित स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत शिविर में डॉ सतीश समदर्शी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी ने अपना विचार व्यक्त किया। शिविर में ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण लें रहीं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के क़ृषि सखी और पशु सखी दीदियों का शुगर और बीपी का जाँच किया गया।इस अवसर पर संस्थान के निदेशक लक्ष्मीनारायण सिंकू, अरुण कुमार पाण्डेय, योगेश कुमार यादव,किशन रजक, चंद्र प्रकाश गढ़ेवार, दाताराम कश्यप, बंशीलाल यादव, मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव, डॉ अभिषेक जाटवर, डॉ नीता शर्मा, सरिता, बहरतींन लहरे, परमेश्वरी रात्रे व क़ृषि सखी और पशु सखी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## अभाविप की नगर कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी ) की नगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें कार्यकर्ताओं को विभिन्न दायित्व सौंप गए है। कार्यक्रम में आरएसएस जांजगीर जिले के जिला प्रचारक फूल सिंह यादव जांजगीर नगर के नगर कार्यवाह नील सागर तथा एबीवीपी के जिला विस्तारक ताम्रध्वज साहू उपस्थित रहे।

नगर अध्यक्ष विजय निराला तथा नगर मंत्री उदय पांडे को बनाया गया। साथ ही अनेक युवा शक्ति को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं, जिसमें नगर सह मंत्री शिवांश सिंह सिसोदिया, अनामिका सिंह, भूमि राठौर, आर्यन सिंह को बनाया गया। कार्यालय मंत्री संस्कार पांडे, कोष प्रमुख साकेत चंदेल, एस एफ एस संयोजक चिरंजीव देवांगन, सह संयोजक शिवकुमार रोहिदास, एस एफ डी संयोजक अंशुल हितेश राठौर, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक संस्कृति यादव, सह अंसकृति



सिंह खेलो भारत संयोजक समर्थ पांडे, सह संस्कार त्रिपाठी गौरेश लहरे, सोशल मीडिया संयोजक आलोक गडेवाल, सह आयुष राठौर, विद्यालय प्रमुख संजीव गुर्जर, सह आर्यन साहू, नगर महाविद्यालय प्रमुख अनुराग त्रिपाठी, सह विकाश पांडे, स्टडी सर्कल प्रमुख संस्कार त्रिपाठी, सह प्रमुख सोम नामदेव को जिम्मेदारी दी गई तथा नगर कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मयंक कश्यप,, शिवांग यादव, सूरज राठौर, नितिन यादव सोहन दीपेश यादव तथा अन्य कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपा गया है।

## दक्षिणा में अपनी कमजोरियों व बुराइयों का करें दान : शशिप्रभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

लक्ष्मेश्वर मंदिर प्रांगण में ब्रह्माकुमारीज ओम शांति भवन खरौद के द्वारा आयोजित भगवत

- लक्ष्मणेश्वर मंदिर प्रांगण में ब्रह्माकुमारीज के द्वारा श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान का छठवां दिन

गीता सार का छठवां दिन ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान ने गीता के 9वें अध्याय में राजयोग की गहन परिभाषा बताई है। आत्मा से परमात्मा का सर्वोच्च संबंध सर्वोच्च मिलन ही राजयोग है। राजयोग में ज्ञान योग, भक्ति योग,समत्व योग, हठ योग सभी समये हुए हैं इसलिए राजयोग को



श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करते नगरवासी।

सर्वांगीण योग सर्व योगों का राजा कहा गया है। उन्होंने बताया कि जो हुआ अच्छा हुआ जो हो रहा है अच्छा हो रहा है और जो होगा अच्छा होगा क्योंकि इस संसार चक्र में सब कुछ जो कुछ भी हो रहा है सब कल्याणकारी ही है इसलिए हम कोई भी कार्य करते हैं तो स्वास्तिक बनाते हैं। जीवन का हर पल हर क्षण शुभ ही है। कभी-कभी हमें कोई घटना और अकल्याणकारी लगती है लेकिन समय अंतराल में हमें समझ में आता है कि उसमें भी कोई कल्याण समय हुआ था। उन्होंने कहा कि मनुष्य एक सर्वोच्च प्राणी है संसार में भगवान ने हमें खाने के लिए कितना कुछ दिया है मेवा, मिष्ठान, फल- फूल लेकिन मानव सब कुछ छोड़कर वह खाता है जो खाने की वस्तु ही नहीं, छोटे या बड़े जीव किसी को भी मार कर उसे अपना आहार बनाना यह सबसे बड़ा कुकृत्य है, कर्म फल अनुसार इसकी बहुत कड़ी सजा मनुष्य को भोगनी पड़ती है क्योंकि जीव हत्या महा पाप है किसी छोटे जीव को मारकर उसे अपना आहार मानव बनाता है तो शमशान घाट तो अपने पेट को ही मनुष्य ने बना रखा है। उन्होंने कहा कि गीता ज्ञान यज्ञ में आप सभी ग्रामवासी दक्षिणा स्वरूप में अपनी कमी कमजोरीयों व बुराईयों का दान मुझे दें तो यह आयोजन सफल माना जाएगा।

## प्रदर्शनी में दिखी प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प, मजबूत फैसला और एक राष्ट्र, एक लक्ष्य की झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

रजत महोत्सव के अवसर पर बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में जनसंपर्क विभाग द्वारा आदि सेवा पर्व, सेवा पखवाड़ा एवं

- जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर, विद्यार्थियों ने मोदी के संकल्पना पर आधारित प्रदर्शनी का किया अवलोकन

विकसित भारत की संकल्पना पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा अपर कलेक्टर के एस पैकरा, तहसीलदार श्रीमती सुशीला साव, छात्र छात्राओं, ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं आदि ने




प्रदर्शनी का अवलोकन करते जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी।

किया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की संकल्पना, सेवा कार्यों, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प और उनके जीवन की प्रेरणादायक यात्रा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को छायाचित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में श्री मोदी के बचपन, उनकी शिक्षा, देशभक्ति तथा प्रधानमंत्री के रूप में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों की झलक को सजीव चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल ने इस प्रदर्शनी को केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं और विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक सार्थक पहल बताया। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुवे इसकी प्रशंसा की। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री श्री मोदी के दृढ़ संकल्पों, मजबूत फैसलों और एक राष्ट्र, एक लक्ष्य की झलक दिखाई दी। उनके बचपन से आज तक के सफर को छायाचित्र के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री श्री मोदी के जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को खूबसूरती से उकेरा गया, जैसे उनका बचपन, देशभक्ति की भावना, उनके संघर्षों की कहानी, मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री बनने की यात्रा और उनके द्वारा देश के विकास के लिए उठाए गए कदम। छायाचित्र प्रदर्शनी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ शासन जनसंपर्क विभाग की पत्रिका जनमन का निःशुल्क वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, कर्मचारी, आम नागरिक सहित विद्यार्थीगण, समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में प्रदर्शनी का अवलोकन किया।




